AADHAAR

AMAR UJALA, Dehradun, 10.4.2018

Page No. 11, Size:(11.97)cms X (20.35)cms.

ई-आधार अब हुआ और ज्यादा सुरक्षित

यूआईडीएआई ने तैयार किया हस्ताक्षरयुक्त डिजिटल 'क्यू आर कोड'

नई दिल्ली। आधार का डाटा लीक होने के आरोपों के बीच भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने पहले से ज्यादा सुरक्षित डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त क्यू आर कोड वाला ई-आधार तैयार किया है। इसकी खासियत यह है कि इस पर जनसांख्यिकी आंकड़ों के अलावा आधार धारक की तस्वीर भी होगी।

ई-आधार का लाभ यह होगा कि किसी व्यक्ति का ऑफलाइन सत्यापन भी किया जा सकेगा। यूआईडीएआई ने हाल ही में ई-आधार पर मौजूदा क्यू आर कोड को बदल दिया है। क्यू आर कोड एक बारकोड है, जिसमें दर्ज जानकारी मशीन द्वारा आसानी से पढ़ी जा सकती है। वहीं ई-आधार आधार कार्ड का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण है, जिसे यूआईडीएआई की वेबसाइट से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त क्यू आर कोड में नए फीचर हैं। इसमें बैंक सहित अन्य एजेंसी किसी आधार धारक का ऑफलाइन सत्यापन कर सकते हैं।

यूआईडीएआई के सीईओ अजय भूषण पांडे ने बताया कि यह एक आसान ऑफलाइन मेकेनिज्म है, जिसके द्वारा आधार कार्ड की असलियत का जल्दी से पता लगाया जा सकता है। हालांकि आधार धारक के असली होने को सुनिश्चित करने के लिए फोटो का पारंपरिक तरीके से भी मिलान किया जा सकता है। ई-आधार क्यू आर कोड पढ़ने वाला सॉफ्टवेयर नोडल एजेंसी की वेबसाइट पर 27 मार्च से ही मुहैया करा दी गई है। एजेंसी